इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शुक्रवार, 13 नवम्बर 2026

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

वर्ष 19 अंक 70 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 29.4°C (+0.1) न्यूनतम 15.6°C(+1.8) सेंसेक्स 81,911.01 (+31.61) निफ्टी 25,299.35 (+44.30) सोना 1,39,150 चांदी 2,00,000 मुद्रा - डालर 94.01 दिरहम 25.59 रियाल 25.07

एरा विश्वविद्यालय में आठ दिन सजेगा प्रतिभाओं का मंच

◎ खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की होगी धूम



लखनऊ (सं)। विद्यार्थियों की पढ़ाई के साथ उनकी छिपी प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें अपनी रचनात्मक क्षमता दिखाने का अवसर देने के लिए एरा विश्वविद्यालय में आठ दिवसीय सांस्कृतिक एवं खेल महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। 11 से 18 नवम्बर तक चलने वाले एराफेस्टा-2026 में खेल, संगीत, साहित्य, नृत्य और कला से जुड़ी विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ फैकल्टी सदस्य भी हिस्सा लेंगे।

महोत्सव की शुरुआत खेल प्रतियोगिताओं से होगी, जबकि 12 नवंबर को औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। खेल गतिविधियों में शतरंज, कैरम, बैडमिंटन, फुटबॉल, थ्रो बॉल, एथलेटिक्स, बास्केट बॉल और क्रिकेट के मुकाबले होंगे। इसके अलावा रिले रेस, शॉटपुट, डिस्कस थ्रो, रस्साकशी और फिटनेस चैलेंज भी आयोजित किए जाएंगे। सांस्कृतिक गतिविधियों में साहित्यिक क्लब की ओर से मुशायरा, दस्तानगोई, समूह चर्चा और लघुकथा लेखन होगा। वहीं फेस पेंटिंग, कॉमिक स्ट्रिप लेखन, सलाद सजावट, नुक्कड़ नाटक, एड मैड शो, रील मेकिंग और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट जैसी प्रतियोगिताएं भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी। गायन, एकल एवं समूह नृत्य और फैशन शो के जरिए विद्यार्थी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव का समापन 18 नवंबर को विश्वविद्यालय के मुख्य मैदान में सांस्कृतिक संध्या के साथ होगा। आयोजन कुलपति प्रो. अब्बास अली महदी और उपकुलपति प्रो. फरज़ाना महदी के मार्गदर्शन में हो रहा है। प्रो. गज़ाला ज़ैदी महोत्सव की अध्यक्ष हैं। विभिन्न समितियों को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, रचनात्मकता और टीम भावना को बढ़ावा देना है।